संख्या ए-30012/03/2024- समन्वय

भारत सरकार

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

खुर्शीद लाल भवन, जनपथ,
नई दिल्ली, दिनांक 18 .01.2024

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय: दिसंबर, 2023 माह के लिए मंत्रिमंडल के लिए मासिक सारांश - तत्संबंधी।

अधोहस्ताक्षरी को दिसंबर, 2023 माह के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की गतिविधियों का मासिक सार इसके साथ परिचालित करने का निर्देश हुआ है।

**संलग्नक: यथोपरि ।**

(राज कुमार)
उप सचिव भारत सरकार
ईमेल: raj.k@nic.in

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य (सूची के अनुसार)।
2. भारत सरकार के सभी सचिव (सूची के अनुसार)।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के माननीय राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
6. भारत के माननीय उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली।
7. प्रधान सूचना अधिकारी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, प्रथम तल , शास्त्री भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि :

i. माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली, के निजी सचिव
ii. सचिव (सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय), खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव ।
iii. प्रधान निजी सचिव, अपर महा निदेशक (एससीडी), सांख्यिकी भवन, 'सी' ब्लॉक, प्रथम तल , एमवी मार्ग, दिल्ली।
iv. अपर महा निदेशक, IIICU, खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली, के प्रधान निजी सचिव ।
v. उप महा निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन स्कन्ध), आर.के. पुरम, नई दिल्ली के प्रधान निजी सचिव ।

अन्य प्रतिलिपि :

डीआईआईडी (कंप्यूटर केंद्र सहित), लेवल-3, पूर्वी ब्लॉक-10, आर.के. पुरम, नई दिल्ली को मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर मासिक सारांश अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की** दिसंबर, **2023 माह की प्रमुख पहलें और उपलब्धियां ।**

राष्ट्रीय सांखियकीय कार्यालय (एनएसओ) ने **दिनांक 12 जनवरी, 2024** को माह **दिसम्बर, 2023** (अनंतिम) और माह **नवंबर, 2023** (अंतिम) के अखिल भारतीय ग्रामीण, शहरी, संयुक्त के लिए **आधार 2012 = 100** पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के उप-समूहों/ समूहों के मूल्यों का उतार-चढ़ाव जारी किया है। **दिसम्बर, 2023** (अनंतिम) माह के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र के सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 187.6,183.6 और 185.7 थे, जिन्होंने क्रमशः 5.93%, 5.46% और 5.69% की वार्षिक मुद्रास्फीति दर दर्शाई । **नवंबर, 2023** माह के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र के लिए तद्नुरूपी मुद्रास्फीति दरें (अंतिम) क्रमशः 5.85%, 5.26% और 5.55% थीं।

2. **दिसम्बर, 2023** (अनंतिम) के ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) क्रमशः 188.3, 194.9 और 190.7 थे। **दिसम्बर, 2023**(अनंतिम) के ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र के सीएफपीआई के लिए अखिल भारतीय वर्ष-दर-वर्ष मुद्रास्फीति दरें क्रमशः 8.97%, 10.42% और 9.53% थीं । **नवंबर, 2023** माह के ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र के लिए तद्नुरूपी मुद्रास्फीति दरें (अंतिम) क्रमशः 8.38%, 9.33% और 8.70% थीं।

3. **नवंबर, 2023** माह के 2011-12 आधार वर्ष वाले अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) (त्वरित अनुमान) **12 जनवरी, 2024** को जारी किए जा चुके हैं और यह 141.0 रहा ।

4. मंत्रालय ने 22 दिसम्बर, 2023 को भारत में पेरोल रिपोर्टिंग: रोजगार परिदृश्य–अक्टूबर 2023 जारी किया ।

5. मंत्रालय ने गोवा में दिनांक 11-12 दिसम्बर, 2023 के दौरान 'सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और जेंडर सांख्यिकी' पर एक दो-दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की । इस कार्यशाला में नीति विभाग/राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालयों के अधिकारी और नीति आयोग तथा यूएनडीपी के प्रतिनिधि उपस्थित हुए ।

6. इस मंत्रालय द्वारा **दिसम्बर,** 2023 माह के लिए ऑनलाइन कम्प्यूटरीकृत निगरानी प्रणाली (ओसीएमएस) के अंतर्गत निगरानी की गई केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं के प्रमुख बिंदु निम्नांकित हैं:

| | |
|---|---|
| चल रही परियोजनाओं की कुल संख्या | 1820 |
| वास्तविक लागत के संबंध में लागत वृद्धि वाली परियोजनाओं की संख्या | 431 |
| समयावृद्धि वाली परियोजनाओं की संख्या | 848 |
| पूर्ण दर्ज की गई परियोजनाओं की संख्या | 22 |
| मार्च 2023 तक संचयी व्यय | 1320973.52करोड़ रुपये |
| वर्तमान माह (दिसम्बर, 2023) के दौरान व्यय | 35643.56 करोड़ रुपये |
| दिसम्बर, 2023तक व्यय सीएफवाईआर | 305840.28 करोड़ रुपये |
| नवंबर, 2023 तक संचयी व्यय | 1626813.80 करोड़ रुपये |

8. अवसंरचना क्षेत्रों के निष्पादन पर नवीनतम समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 की तदनुरूपी अवधि की तुलना में अप्रैल-नवंबर वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रासंगिक क्षेत्र यथा **[विद्‌युत]** विद्‌युत उत्पादन **(+7.66%)**, **[कोयला]** कोयला उत्पादन **(+11.51%), [इस्पात]** तैयार इस्पात का उत्पादन **(+14.29%), [सीमेंट]** सीमेंट उत्पादन **(+10.44%), [उर्वरक]** नाइट्रोजन, फॉस्फेट और यूरिया उत्पादन **(+10.40%), [पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस]**

क्रमशः -2-

संसाधित कच्चा तेल **(+3.43%)**, **[पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस]** प्राकृतिक गैस उत्पादन **(+5.08%)**, **[सड़क]** एनएचएआई द्वारा राजमार्गों का उन्नयन **(+13.91%)**, राज्य पीडब्लयूडी और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा राजमार्गों का उन्नयन **(+19.74%)**, **[रेलवे]** संभाले गए यात्री **(+9.97%)**, **[रेलवे]** गेज दोहरीकरण और नई लाइन **(+17.92%)**, **[रेलवे]** माल ढुलाई द्वारा अर्जित राजस्व **(+3.77%)**, **[ पोत परिवहन]** प्रमुख बंदरगाहों पर संभाला गया कुल कार्गो **(+5.51%)**, प्रमुख बंदरगाहों पर संभाला गया कोयला **(+1.91%)**, **[नागर विमानन]** हवाई अड्डों पर संभाला गया निर्यात कार्गो **(+9.17%)**, **[नागर विमानन]** अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल पर संभाले गए यात्री **(+25.32%)**, **[नागर विमानन]** घरेलू टर्मिनल पर संभाले गए यात्री **(+17.93%)**, **[दूरसंचार)** नेट नए वायरलाइन टेलीफोन कनेक्शन **(+3.07%) [दूरसंचार]** नेट नए वायरलेस कनेक्शन **(+385.71%)**और **[दूरसंचार]** बेस ट्रांसीवर स्टेशन सहित टावर **(+268.29%)**अपने लक्ष्यों से अधिक हैं। तथापि, जिन क्षेत्रों में उनके लक्ष्यों से कम उत्पादन हुआ वे हैं **[पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस]** कच्चा तेल उत्पादन **(-0.18%)**, और **[नागर विमानन]** हवाई अड्डों पर संभाला गया आयात कार्गो **(-2.56%)।**

****